संघ लोक सेवा आयोग

केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सहायक कमांडेंट्स) परीक्षा, 2017

नोटिस

संघ लोक सेवा आयोग दिनांक 23 जुलाई, 2017 (रविवार) को देशभर में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सहायक कमांडेंट्स) परीक्षा, 2017 आयोजित करेगा। आयोग ने इस परीक्षा के लिए प्रवेश दिए गए उम्मीदवारों की सुविधा हेतु ई-प्रवेश पत्र (अस्वीकृत किए गए उम्मीदवारों के आवेदन पत्रों के संबंध में आवेदन पत्र को अस्वीकृत किए जाने के कारण/आधार भी अपलोड कर दिए गए हैं) अपनी वेबसाइट (**http://www.upsc.gov.in**) पर अपलोड किए हैं। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी परीक्षा के लिए ई-प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें और उसका प्रिंट आउट निकाल लें। प्रवेश दिए गए उम्मीदवारों को उन्हें आबंटित परीक्षा-स्थल पर उपर्युक्त परीक्षा में प्रवेश लेने के लिए अपना ई-प्रवेश पत्र प्रस्तुत करना होगा। यदि ई-प्रवेश पत्र पर फोटो स्पष्ट नहीं है या उपलब्ध नहीं है, तब उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा-स्थल पर अपने साथ पहचान का प्रमाण जैसे पहचान-पत्र या आधार कार्ड, ड्राइविंग लाईसेंस, पासपोर्ट, मतदाता पहचान-पत्र आदि तथा दो समरूप फोटोग्राफ प्रत्येक सत्र के लिए एक-एक फोटो सहित एक परिवचन साथ लाएं । **इस परीक्षा के लिए आयोग द्वारा कोई कागजी प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जाएगा ।**

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि अंतिम समय की हड़बड़ी से बचने के लिए वे ई-प्रवेश पत्र का प्रिंटआउट पहले ही निकाल लें । विगत में, ऐसे मामले ध्यान में आए हैं, जब अंतिम दिन सर्वर के ओवरलोड होने के कारण उम्मीदवारों को सर्वर को एक्सेस करने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा ।

यदि ई-प्रवेश पत्र में किसी प्रकार की विसंगति हो, तो इस संबंध में तत्काल आयोग को सूचित किया जाए जिससे आयोग इस मामले में निर्णय ले सके ।

उम्मीदवारों को वस्तुनिष्ठ प्रकार के पेपरों के लिए परीक्षा हॉल में काला बाल प्वाइंट पेन लाने की भी सलाह दी जाती है ।

संघ लोक सेवा आयोग

नई दिल्ली-110069, दिनांक 23 जून, 2017/ 02 आषाढ़, शक 1939